तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 3 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 भीषण गर्मी में राहत का ठिकाना बना लोर नदी ...



12 ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में समर कैम्प का शुभारंभ, ...



## खबर संक्षेप

### ऐश्वर्य मानिकपुरी ने 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में किया टॉप



**बेरला।** ग्राम कुम्हिगुड़ा की होनहार छात्रा येश्वर्य मानिकपुरी ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.50% अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर हाई स्कूल की छात्रा येश्वर्य ने न केवल अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि स्कूल के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च अंक लाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय स्तर पर यह पहला अवसर है जब किसी छात्रा ने इतने उच्च अंक अर्जित किए हैं। येश्वर्य की इस शानदार सफलता ने पूरे स्कूल परिवार को गौरवान्वित कर दिया है। येश्वर्य, ग्राम कुम्हिगुड़ा निवासी नेमदास मानिकपुरी की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। छात्रा की सफलता से उत्साहित स्कूल के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उनके निवास पहुंचे। उन्होंने मिठाई खिलाकर येश्वर्य को शुभकामनाएं दीं।

### साजा में हुई राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा



साजा। स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साजा के दोनों भवनों में शनिवार को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 का आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के लिए बनाए गए दोनों केंद्रों में कुल 484 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 445 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 39 अनुपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी पात्र होते हैं, जिनके पालकों की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होती है। परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि यह छात्रवृत्ति राशि विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती है। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# शिवनाथ तटीय क्षेत्रों में गर्मी के बीच लहलहाता धान, प्रशासन की रोक बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा।

भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर की चेतावनियों के बीच जिले के शिवनाथ नदी तटीय इलाकों में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिल रही है। जहां एक ओर जल संकट को लेकर प्रशासन अलर्ट है, वहीं दूसरी ओर नदी किनारे के करीब तीन दर्जन गांवों में किसान धान की दूसरी फसल लेकर खेतों को हरा-भरा बनाए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में भूजल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गर्मी के मौसम में धान की खेती पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद जागरूकता की कमी और प्रशासनिक सख्ती के अभाव में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर बुवाई की गई। वर्तमान में धान की फसल पकने के अंतिम चरण में है, जिसमें सिंचाई के लिए भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। किसानों द्वारा शिवनाथ नदी और भूजल स्रोतों का लगातार उपयोग किए जाने से क्षेत्र में जलस्तर गिरने की आशंका गहराती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। हालांकि तेज धूप और उमस भरे मौसम के बीच लहलहाते धान के खेत आंखों को सुकून जरूर देते हैं, लेकिन यह हरियाली भविष्य के संभावित जल संकट की चेतावनी भी है।

## भूजल दोहन तेज, तीन दर्जन गांवों में दूसरी फसल जारी



### प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

सरकारी निर्देशों के बावजूद तटीय क्षेत्रों में धान की खेती जारी रहना प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करता है। स्थानीय स्तर पर निगरानी और सख्ती के अभाव में किसान बेखौफ होकर जल संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। वैकल्पिक फसलों की जरूरत विशेषज्ञों का सुझाव है कि समय रहते कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो बेमेतरा जिले को आने वाले वर्षों में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## लंबित चोरी-नकबजनी मामलों पर सख्ती, डीआईजी ने दी त्वरित निराकरण की हिदायत

# थानावार समीक्षा बैठक में रात्रि गश्त, साइबर निगरानी और सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा विवेचकों की समीक्षा बैठक लेकर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से थाना-वार लंबित चोरी एवं नकबजनी के प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीआईजी ने स्पष्ट कहा कि सभी लंबित मामलों में गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने लंबित मोटरसाइकिल चोरी के मामलों की भी समीक्षा करते हुए विवेचकों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी साहू ने जिले में विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग ऑपरेशन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही "साइबर प्रहरी अभियान" और "त्रिनयन एप" के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। "सशक्त एप" के माध्यम से वाहन चेकिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा स्मार्ट एवं हाईटेक पुलिसिंग को अपनाने पर बल दिया गया। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने और स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए डीआईजी ने "हमर पुलिस हमर बाजार" और "हमर पुलिस हमर गांव" जैसे सामुदायिक पुलिसिंग अभियानों के माध्यम से हाट-बाजारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव सहित जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों, विवेचकों एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मॉकड्रिल अलर्ट से गूंजा अंचल, एक साथ बजे मोबाइल, लोगों में कौतूहल और चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिलेभर में शनिवार को दोपहर ठीक 11:45 बजे उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब हजारों मोबाइल फोन एक साथ तेज बीप और वाइब्रेशन के साथ बज उठे। अचानक आए इस इमरजेंसी अलर्ट से लोग कुछ क्षण के लिए घबरा गए और दिनभर यही घटना चर्चा का विषय बनी रही। जानकारी के अनुसार, यह कोई सामान्य संदेश नहीं बल्कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा भेजा गया एक मॉकड्रिल अलर्ट था, जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन व्यवस्था की जांच करना था। जैसे ही निर्धारित समय हुआ, वैसे ही मोबाइल स्क्रीन पर फ्लैश मैसेज के रूप में इमरजेंसी चेतावनी दिखाई दी और सायरन जैसी आवाज सुनाई दी।घटना के दौरान कई युवा अपने मोबाइल पर आए अलर्ट को एक-दूसरे को दिखाते नजर आए। कुछ ने इस अनुभव को यादगार बनाने के लिए फोटो भी खिंचवाए। युवाओं का कहना था कि पहले वे घबरा गए थे, लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि यह एक सुरक्षा पहल है।

- दूरसंचार विभाग का आपदा प्रबंधन परीक्षण, 11:45 बजे इमरजेंसी अलर्ट से चौंके नागरिक

### अचानक अलर्ट से चौंके लोग

तेज आवाज और लगातार वाइब्रेशन के कारण कई लोग घबरा गए। शुरुआत में कुछ लोगों ने इसे किसी बड़ी घटना का संकेत समझा, लेकिन संदेश पढ़ने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई कि यह केवल एक अभ्यास था। यह पूरा अभ्यास सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के परीक्षण के तहत किया गया। इसका उद्देश्य बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंचाने की व्यवस्था को परखना है। साथ ही नेटवर्क की क्षमता और अलर्ट सिस्टम की प्रभावशीलता का भी आकलन किया गया।




### प्रशासन ने दी स्पष्टता

एडीएम एवं एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि यह केवल एक परीक्षण था और नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वास्तविक आपदा की स्थिति में यह अलर्ट सिस्टम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पराली की आग फैली हुआ विकराल स्टेट हाईवे के किनारे का पेड़ खाक

**बेमेतरा।** जिला प्रशासन द्वारा फसल अवशेष (पराली) जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध और सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की पोल एक बार फिर खुलती नजर आई है। दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर ग्राम केशडबरी और कोदवा के बीच किसानों द्वारा जलाई गई पराली की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सड़क किनारे स्थित पीडब्ल्यूडी विभाग का एक विशाल सूखा पेड़ इसकी चपेट में आ गया। देखते ही देखते पेड़ धू-धू कर जलता रहा और अंततः पूरी तरह खाक हो गया। इन दिनों फसल कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शासन-प्रशासन की सख्त मनाही के बावजूद किसान इस पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं।



परिणामस्वरूप आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो पर्यावरण और जनसुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हर साल सड़क मरम्मत, किनारों की सफाई और रोड सेफ्टी के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट नजर आते हैं। सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ और ज्वलनशील कचरा समय रहते हटाया नहीं जाता, जिससे इस तरह की घटनाएं होना तय है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

केशडबरी के ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग समय रहते सूखे पेड़ों की छंटाई और सफाई कर देता, तो इस घटना को रोका जा सकता था। ग्रामीणों ने इसे विभाग की घोर लापरवाही और निष्क्रियता करार दिया है।

### जिम्मेदार अधिकारी मौन

इस पूरे मामले में पीडब्ल्यूडी कोदवा सेक्शन के सब-इंजीनियर शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अधिकारियों की यह चुप्पी मामले को और गंभीर बना रही है।

### सड़क सुरक्षा पर खतरा

हाईवे किनारे इस तरह की आगजनी न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि राहगीरों और वाहनों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा साबित हो सकती है। समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

# भीषण गर्मी के बीच बदला मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिलेभर में पिछले कई दिनों से पड़ रही चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को शनिवार शाम अचानक बड़ी राहत मिली। दोपहर तक जहां तेज धूप और उमस से जनजीवन बेहाल था, वहीं शाम होते-होते मौसम ने अप्रत्याशित रूप से करवट ले ली। सुबह से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे। तेज धूप की जगह वातावरण में हल्की ठंडक और नमी महसूस की जा रही थी, जिससे लोगों को लू के थपेड़ों से कुछ हद तक राहत मिली। वहीं दोपहर बाद करीब तीन बजे के आसपास मौसम पूरी तरह बदल गया और जिले के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते धूल भरी आंधी ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में घने बादलों का डेरा जम गया और कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई।हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं रही, लेकिन इसकी फुहारों ने तपती धरती को ठंडक पहुंचाने का काम किया।

मई माह की झुलसा देने वाली गर्मी के बीच



आया यह पहला बड़ा मौसमी बदलाव रहा, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। उमस और तेज गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह राहत किसी वरदान से कम नहीं रही। शाम के समय मौसम सुहावना होने के बाद लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवा और बदलते मौसम का आनंद लेते नजर आए। वहीं किसानों और आम नागरिकों ने भी इस बदलाव को राहत भरा बताया, हालांकि तेज आंधी के चलते कुछ स्थानों पर हल्की अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं।

### सुबह से ही दिखने लगे थे बदलाव के संकेत

शनिवार सुबह से ही मौसम में हल्का परिवर्तन देखने को मिल रहा था। तेज धूप की जगह वातावरण में ठंडक और नमी बनी हुई थी, जिससे लोगों को लू के थपेड़ों से आंशिक राहत मिली। मौसम के इस बदले रुख ने दोपहर तक एक अलग ही माहौल बना दिया था।

### दोपहर बाद तेज हवाओं ने बदला माहौल

करीब तीन बजे के बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते धूल भरी आंधी ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया। सड़कें धूल से पट गईं और लोगों को कुछ देर के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर रुख करना पड़ा।

### आसमान में छाए बादल कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी

तेज आंधी के साथ ही आसमान में काले बादलों का डेरा जम गया। जिले के कई इलाकों में कुछ मिनटों तक हल्की बारिश (फुहारें) भी हुई। भले ही बारिश ज्यादा देर तक नहीं चली, लेकिन इससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली।

## 11 प्रकरणों की जब्त सामग्री पर की कार्रवाई

# पुलिस ने 17.88 लाख के मादक पदार्थों का किया नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस व प्रशासन ने विभिन्न थाना-चौकियों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की निगरानी में शनिवार को पथर्रा स्थित बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड में यह कार्रवाई की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई इस प्रक्रिया में गांजा को जलाकर तथा नशीली टेबलेट व इंजेक्शन को विधिवत नष्ट किया गया। नष्टीकरण से पहले पर्यावरण विभाग से अनुमति ली गई थी। कार्रवाई के दौरान कुल 11 प्रकरणों में जब्त सामग्री नष्ट की गई, जिसमें 119 किलो 408 ग्राम गांजा, 1 लाख 14 हजार 600 नग नशीली टेबलेट और 74 नग इंजेक्शन शामिल हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत 17 लाख 88 हजार 320 रुपये बताई गई है। यह मादक पदार्थ जिले के थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, नवागढ़, खम्हरिया, चंदनू, बेरला, दाढ़ी सहित चौकी देवरबीजा व मारो में दर्ज मामलों से जब्त किए गए थे। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी भुषण एक्का, एसडीओपी विनय कुमार, जिला आबकारी अधिकारी डॉ. पलक नंद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- 119 किलो गांजा, 1.14 लाख टेबलेट व इंजेक्शन नष्ट, 11 मामलों में किया गया था जप्त





## मजदूर दिवस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने श्रमिकों का बढ़ाया मान

# 21 कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक और 200 ई-रिक्शा चालकों को आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर दुर्ग स्थित सेवा सदन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने हितग्राहियों को इलेक्ट्रिक चाक और अनुदान राशि का चेक वितरित किये। छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से दुर्ग जिले के 21 पंजीकृत कुम्हारों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए। इस योजना से प्रत्येक परिवार के तीन सदस्य लाभान्वित होंगे, जिससे कुल 63 लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इसके साथ ही कार्यक्रम में 200 ई-रिक्शा चालकों को पांच-पांच हजार रुपये की स्वेच्छानुदान राशि भी प्रदान की गई। इस सहायता से चालकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक साथियों के बीच पहुंचकर उनका सम्मान करने का अवसर मिला। इस दौरान 20 हितग्राहियों को माटीकला बोर्ड के माध्यम से चाक वितरण किया और दुर्ग के 200 ई-रिक्शा चालकों को आर्थिक सहायता प्रदान की। हमारी सरकार श्रमिकों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास यात्रा के सहभागी के रूप में देखती है। उनके अधिकारों की रक्षा, सम्मान और जीवन स्तर में सुधार हमारी प्राथमिकता है। श्रमिकों को सशक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य के लिए निरंतर कार्यरत हैं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, जिला उपाध्यक्ष अशोक राठी, जिला मंत्री गिरेश साहू आदि उपस्थित थे।

## औद्योगिक नगरी में श्रमिकों के सम्मान में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन

औद्योगिक नगरी भिलाई में मेहनतकशों के मेहनत और समर्पण का प्रतीक अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मजदूरों के अधिकार और श्रम की पूरी कीमत हासिल करने के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न यूनियनों और संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में निर्माण में मजदूरों के योगदान को याद करते हुए जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सम्मानजनक वेतन के लिए संघर्ष तेज करने की एकजुटता दिखाई गई। साथ ही सरकार के निजीकरण, 4 श्रम संहिताओं, 35 प्रतिशत श्रमिकों की छंटनी सहित श्रमिक विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध पर जोर दिया गया।



### मजदूर दिवस पर किया गया श्रमिकों का सम्मान



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एचएमजीएम जन सेवा समिति मोदी ग्रुप द्वारा सुपेला घड़ी चौक में श्रमिकों के सम्मान एवं उनके प्रति आभार व्यक्त करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बढ़ती गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की गई, जिसके अंतर्गत मजदूर साथियों को मिट्टी की पानी की बोतल, गमछा एवं ठंडी छाछ का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य श्रमिकों को भीषण गर्मी से कुछ राहत प्रदान करना था, ताकि वे अपने कठिन कार्य के दौरान स्वयं को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकें। इस अवसर पर यह समिति के अध्यक्ष लोकेश पांडेय, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, महासचिव रामलखन मिश्रा, दिनेश मिश्रा, नरबदा मिश्रा, नितेश मिश्रा, अशोक द्विवेदी, राजेश कुमार, विनय टंडन, आलिया, समीर, श्याम, अनुप पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीटू कार्यालय में झंडारोहण के साथ श्रमिकों के हितों को लेकर संघर्ष पर जोर

**भिलाई।** सीटू द्वारा यूनियन कार्यालय सेक्टर 4 व बोरिया गेट पर आयोजित मई दिवस कार्यक्रम में झंडारोहण के साथ मजदूर एकता और संघर्ष के संदेश को दोहराया गया। यूनियन नेता के शशी नायर व मैथ्यू वर्गिस ने झंडारोहण कर कहा कि यह दिवस मेहनतकश वर्ग की आवाज और उनके हक की लड़ाई का प्रतीक है। मजदूरों के वोटों से जीतकर सत्ता में आई केंद्र सरकार अब मजदूरों के अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है। श्रम कानूनों में बदलाव, निजीकरण को बढ़ावा, और रोजगार के अवसरों में कमी में कमी से सरकार पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता देने से श्रमिक वर्ग असुरक्षा और शोषण का सामना कर रहा है। हमला जितना तेज होगा, संघर्ष उससे ज्यादा तेज होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि मजदूर आंदोलन की चेतावनी है। सीटू नेताओं ने सेल वेतन समझौता अब तक पूर्ण नहीं करने, 4 लेबर कोड अधिसूचित करने, 26 हजार न्यूनतम वेतने देने, उद्योगों के निजीकरण, सभी गिरफ्तार श्रमिकों की रिहाई आदि मुद्दों को लेकर एक मंच पर एकजुटता से आंदोलन पर जोर दिया गया।



### सेंटर ऑफ स्टील वर्कर ने लिया श्रमिकों के हितों के लिए संकल्प, वेतन और सुविधाओं की रखेंगे मांग

**भिलाई।** सेंटर ऑफ स्टील वर्कर्स( ऐक्टू) के द्वारा मजदूर दिवस पर सेक्टर 6 कार्यालय में मजदूर आंदोलन में शहीद साथियों को मौन धारण कर श्रध्दाजंलि दी गई और श्रमिकों के चौतरफा शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की गई। यूनियन के संकल्प का पाठ के बाद श्रमिकों की लंबित समस्याओं के निदान नहीं होने पर सरकार को आड़े हाथ लिया गया। बीएसपी में 35 प्रतिशत मजदूरों की छंटनी का विरोध किया गया। ठेका मजदूरों ने बताया कि बीएसपी में निर्धारित वेतन व सुविधाओं की मांग



करने पर गेट पास छीनने की धमकी व मेडिकल के नाम पर मजदूरों को काम से निकाला जा रहा है। काम से निकालने के बाद अंतिम भुगतान की राशि भी नहीं दी जाती है। मजदूरों ने 20 हजार मासिक वेतन,टाउनशिप व जोरातराई में ईएसआईसी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, 8 घंटे से ज्यादा ओवर टाइम काम के लिए दोगुनी मजदूरी देने व लेबर कोड रद्द करन की मांग की गई। कार्यक्रम में श्यामलाल साहू, ए शेखर राव,आर पी गजेंद्र,एबी सिंह,आर पी चौधरी,मंथीर नायक,राकेश साहू, आरपी चौधरी, राजेश बांधे, अशोक मिरी, टीकाराम चुनारकर,दीनानाथ प्रसाद,सनी कुमार साहू,पंचम सिक्का, अभिषेक बाघ, खिरोध प्रधान, घनश्याम त्रिपाठी,जीवनलाल कुर्रे गिरीश राव, मुक्तानंद साहू, राजेन्द्र परगनिहा,बृजेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

### इंटक ने किया श्रमिकों का सम्मान, 11 को जंगी धरना

**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में हुए श्रमिक दिवस पर हुए सम्मान समारोह में श्रमिकों का सम्मान गमछा व माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर लंबित मांगों को लेकर 11 मई को मुर्गा चौक पर धरना का ऐलान किया गया।

मुख्य अतिथि छग इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीयूषकर व विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष एसके. बघेल तथा स्टील इम्प. यूनियन इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा थे। अध्यक्षता करते हुए इंटक अध्यक्ष संजय साहूकार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूनियन अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बीएसपी कर्मी व ठेका श्रमिकों के अधिकारों के लिए हर संभव संघर्ष पर जोर देते हुए वेतन समझौता अपूर्ण होन, लंबित एरियर्स, श्रमिकों की 35% प्रस्तावित छंटनी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं केंद्रीय न्यूनतम वेतन से वंचित रखे जाने के मुद्दों को लेकर संघर्ष का संकल्प जताया। इस अवसर पर विष्णु पटेल, महेंद्र कुमार, जगतपाल, कुलेश्वर प्रसाद, श्याम कुमार, भूमिराज, नवीन शर्मा, खिलावन साहू, नरेंद्र यादव, दुर्जन कुमार, घनश्याम साहू, गुरुदेव, राजेश सिंह, जयप्रकाश भारद्वाज, गिरवर साहू,



रमेश लोहा, बृजलाल बघेल, बसंत चेलक, रिजवान खान, कोमल रात्रे, मनीष कुमार, टोमन लाल, विकास कुमार एवं जगमोहन सम्मान किया गया। एसीसी सीमेंट के अध्यक्ष शेखर शर्मा व भूपेंद्र सिंह ने भी श्रमिकों को संबोधित किया।

मई दिवस के अवसर पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। संजय साहू द्वार यूनियन की घोषित कार्यकारिणी मेंप्रकाश सीवानकर को दुर्ग शहर अध्यक्ष,राजेंद्र रजक ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन सीपी वर्मा व आभार प्रदर्शन श्री दीनानाथ सिंह ने किया

### रेलवे पीपी यार्ड के मजदूर हुए सम्मानित

**भिलाई।** रेलवे पीपी यार्ड चरोदा में साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान 350 कॉन्ट्रैक्ट लेबर वर्कर्स को गमछा वितरण कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर जोन प्रिंसिपल मटेरियल मैनेजर अरविंद कुमार मेश्राम विशेष रुप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कहा कि मजदूर कांग्रेस हमेशा कर्मचारियों की समस्याओं को समझकर उनके हित में कार्य करती है। यह कार्यक्रम एक सराहनीय है। मजदूर कांग्रेस पीपी यार्ड इंचार्ज डी. विजय कुमार ने कहा कि मजदूर दिवस के अवसर पर कड़ी मेहनत करने वाले कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के कल्याण के लिए मजदूर कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में एएमएम देवांगन , जनरल इंचार्ज पीपी यार्ड चंद्राकर, अनुराग शुक्ला, न्यूट्रल इंचार्ज बेहेरा , भक्ता, जय चंद्र , माईटी , डिविजनल कोऑर्डिनेटर बीडी प्रसाद, ब्रांच सेक्रेटरी हेमंत कुमार, शेषु बाबू, डिप्टी डीसी भीमराव बोदलकर, सोन टेक्के, विनोद मंडल, रॉबर्ट जोसेफ, राकेश कुमार, बलवंत शर्मा, लक्ष्मी साहू, चंद्रशेखर देशमुख, वेंकट मौजूद थे। जनरल सेक्रेटरी पीतांबर लक्ष्मीनारायण ने आभार व्यक्त किया।



# मजदूरों के बीच बैठकर खाई बासी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी

### नगर पालिका ने स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान



अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में 'मिशन क्लीन सिटी' के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों के लिए एक विशेष सम्मान एवं सुरक्षा किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना वर्मा , उपाध्यक्ष प्रमोद राजपूत एवं समस्त पार्षदगण मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर एवं अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों को पीपीई किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा की ₹पिछले सर्वेक्षणों में हमारे शहर ने देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य देश के शीर्ष पायदान पर पहुंचने का है। स्वच्छता सर्वेक्षण के नए मापदंडों के अनुसार, हमारे स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और उनका स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पीपीई किट न केवल उन्हें बीमारियों से बचाएगी, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगी। उपस्थित पार्षदों ने स्वच्छता दीदियों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं कर्मठ हाथों के दम पर कुम्हारी नगर पालिका स्वच्छता की नई ऊंचाइयों को छुएगी। पीपीई किट वितरण के माध्यम से स्वच्छता दीदियों को यह संदेश दिया गया कि उनकी सुरक्षा शासन और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में नगर पालिका को नंबर-1 बनाने और शहर को कचरा मुक्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर कुल 77 पीपीई किट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अनुराग गुप्ता ने एवं आभार पार्षद हरिदास वैष्णव ने व्यक्त किया।

# गोबर से बनी हनुमान प्रतिमा आज भी बनी हुई है रहस्य, यहां सांप नहीं डंसते

हरिभूमि न्यूज ⏭ओखरा (मुरमुंदा)

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नारधा में स्थित श्री हनुमान मंदिर रुख्खड़नाथ आस्था और रहस्य का अद्भुत संगम है। इस धाम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा गौ माता के गोबर से निर्मित है।

पत्थर, धातु या मिट्टी से बनी प्रतिमाएं तो आम हैं, लेकिन गोबर से बनी हनुमान प्रतिमा देश में दुर्लभ मानी जाती है।करीब 350 वर्ष पुरानी यह चमत्कारी प्रतिमा स्वामी रुख्खड़नाथ महाराज द्वारा स्थापित की गई थी। यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि इससे जुड़े अनेक रहस्य और मान्यताएं इसे और भी विशिष्ट बनाती हैं।

**जहां सांपों का वास, पर डसने का भय नहीं :** नारधा गांव को लेकर सबसे चौंकाने वाली मान्यता यह है कि यहां आज तक सर्पदंश से किसी की अकाल मृत्यु नहीं हुई। जबकि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सांप पाए जाते हैं। ग्रामीणों का अटूट विश्वास है कि यह सब गरुड़ाकार हनुमान जी की विशेष कृपा का परिणाम है, जो गांव और श्रद्धालुओं की रक्षा करते हैं।

**तप, साधना और समाधि का पवित्र स्थल :** यह वही पावन भूमि है जहां स्वामी महाराज ने रुख्खड़नाथ वर्षों तक तप, योग और साधना की तथा अंततः यहीं समाधि ली। मान्यता है कि बाबा की समाधि के ऊपर ही शिवलिंग स्थापित किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित सुरेंद्र गिरी के अनुसार, गर्भगृह में एकानन, चतुरानन और पंचानन शिवलिंग विराजमान हैं। शिवलिंग के नीचे लगभग 15 फीट की गहराई में बाबा की समाधि स्थित है। श्रावण मास में यहां एक और अलौकिक दृश्य देखने को मिलता है, जब नाग देवता स्वयं शिवलिंग के दर्शन करने आते हैं।

**मंगलकारी हनुमानः शिव के अंशावतारः** नारधा धाम में विराजमान हनुमान जी को रुद्रावतारी, अर्थात भगवान शिव का अंशावतार माना जाता है। इसी कारण श्रावण मास में गोबर से निर्मित हनुमान प्रतिमा का विशेष अनुष्ठान किया जाता है। मान्यता है कि 18वीं शताब्दी में समाधि लेने से पूर्व बाबा ने हनुमान जी को मंगलकारी स्वरूप में प्रतिष्ठित किया था।



**दो श्वानों की अद्भुत मान्यता :** स्वामी रुख्खड़नाथ महाराज के साथ सदैव दो श्वान रहते थे। उनके देहावसान के बाद उनकी स्मृति में मंदिर परिसर में दो स्वान प्रतिमाएं स्थापित की गईं। स्थानीय मान्यता है कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता काट ले, तो मंदिर की परिक्रमा कर यहां की पवित्र मिट्टी ग्रहण करने से रेबीज जैसी बीमारी का प्रभाव नहीं होता।

**देशभर से उमड़ रहे श्रद्धालुः** हाल ही में बागेश्वर धाम महाराज द्वारा इस धाम के महत्व का उल्लेख किए जाने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**प्रकृति की गोद में बसा अलौकिक धाम :** तीन तालाबों से घिरा यह धाम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। मंदिर परिसर में स्थित अखंड (अमर) कुंड का जल भीषण गर्मी में भी कभी नहीं सूखता। पास ही स्थित एक बेलपत्र का वृक्ष, जिसकी पांच शाखाएं भूमि को स्पर्श करती हैं, प्राकृतिक झोपड़ी का आभास कराता है। चारों ओर फैली लताएं शिव की जटाओं जैसी प्रतीत होती हैं।

**15-20 वर्षों से चल रहा महा भंडाराः** इस चमत्कारी धाम में पिछले 15 से 20 वर्षों से निरंतर महा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस महा भंडारे में केवल नारधा गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण करते हैं और इसे बाबा रुख्खड़नाथ महाराज एवं हनुमान जी की विशेष कृपा का प्रतीक मानते हैं। महा भंडारे के दौरान धाम में आस्था और सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिलता है।

## मजदूरों के बीच बैठ कर खाई बासी



**अंडा।** श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम भरदा मे चल रहे मनरेगा कार्य के बीच मजदूरों के साथ बैठ कर जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति व जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बोरे बासी खाई। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सुनीता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, स्थानीय पंच चंद्रिका देशमुख, बंसी ठाकुर, अशोक देशमुख, भोमराज भर्दिय, भानुमती देशमुख, धनेश देशमुख आदि बड़ी संख्या मे श्रमिक उपस्थित थे।

## 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दी बधाई

**अंडा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बधाई दी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्रा कुमारी तुलसी साहू पिता लेखराम माता विशाखा साहू ने 10वीं की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने छात्रा के निवास पर पहुंचकर उन्हें तथा उनके परिजनों को बधाई दी।

## महतारी वंदन में नाम काटने को लेकर महिलाओं में नाराजगी

# केवाईसी को लेकर महिलाएं हो रहीं परेशान, कांग्रेसियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

केवाईसी के नाम पर महतारियों को जबरन परेशान करने को लेकर कांगेसियों ने प्रदर्शन किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत अनिवार्य ई-केवाईसी प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसे लेकर दुर्ग समेत कई जिलों में कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर जमकर प्रदर्शन किया है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं को परेशान करने की यह साजिश है। सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के नाम पर करीब 5 लाख पात्र महिलाओं के नाम योजना से काट रही है।

कांग्रेस नेताओं ने भिलाई में जन समस्याओं और महतारी वंदन केवाईसी में अव्यवस्था को लेकर




प्रदर्शन किया। कांग्रेस के सौरभ मिश्रा ने आरोप लगाया है प्रतिमाह 606 करोड़ रुपये से अधिक की राशि देने के कारण सरकार की वित्तीय स्थिति खराब हो गई है। इसलिए बहाने बनाकर योजना को बंद करने या लाभार्थियों की संख्या कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिया, पार्षद सुरेश वर्मा, हरीश सिंह, राजेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष खवाजा अहमद, प्रचार महामंत्री समेत आदि राव, इमरान खान, आकाश यादव, मिशांक मिश्रा, फतेह सिंह, विकास वर्मा, ए पुष्पावती, लक्ष्मी ठाकुर, न्यूब सिंह मौजूद थे।

# सफाई कर्मियों की छंटनी को लेकर सियासत

## एमआईसी मेंबर ने नेता प्रतिपक्ष पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सफाई व्यवस्था को लेकर भिलाई नगर निगम की की सियासत गरमाई हुई है। सफाई को लेकर आ रहे विपक्ष के बयान के बाद अब शहर के स्वास्थ्य मंत्री एमआईसी लक्ष्मीपति राजू ने नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा पार्षद भोजराज भोजू पर हमला बोला है। उन्होंने उनके ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निगम में 700-800 सफाई कर्मियों की छंटनी की साजिश रची जा रही है, जिससे शहर की व्यवस्था चरमरा सकती है। नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने भाजपा पार्षद भोजराज सिन्हा पर तीखा



हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक प्रस्ताव के जरिए शहर के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी की जा रही है, जिसका सीधा असर भिलाई की सफाई व्यवस्था पर पड़ेगा। राजू ने कहा कि गोपनीय दस्तावेज भाजपा पार्षद तक कैसे पहुंच गया। निगम के फैसले बाहर तय हो रहे हैं।

### गुड बुक में आना चाहते हैं नेता प्रतिपक्ष

लक्ष्मीपति राजू ने नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू के ऊपर व्यंग कसते हुए कहा कि क्या आपकी राजनीति इतनी गिर गई है कि गरीबों के पेट में लात मारकर आयुक्त की गुड बुक में आना चाहते हैं। जिनका रोजगार जाएगा उनके परिवारों की बद्दुआएं कैसे झेलेंगे अगर श्रमिक सड़कों पर उतरे तो उसकी जिम्मेदारी क्या वो लेंगे। उन्होंने यहां तक आरोप लगाया कि भोजराज अपनी ही पार्टी के पार्षदों का विश्वास खो चुके हैं, क्योंकि सदन के भीतर व्यक्त किए अपने कथनों पर सदन के बाहर कायम नहीं हैं।

## धारदार हथियार लेकर डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम तालाब के पास युवक राजीव नगर वार्ड 27 खुर्सीपार निवासी लोकेश यादव उर्फ बाली को पकड़ा गया है। उसके पास से पुलिस ने एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक कृत्य की सूचना पुलिस को दें। इससे कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

# जामुल में पटेल समाज का बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में अधोसंरचना मद के 10 लाख रूपये की लागत से भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका स्थल पूजन नपा अध्यक्ष के हाथो किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल नगर के पटेल समाज द्वारा सामुदायिक भवन का मांग किया था। जिसकी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के बाद पटेल समाज के लिए भवन बनाया जाएगा। नपा



अध्यक्ष मां शाकम्भरी को प्रणाम करते हुए कहा कि सभी सामाजिक गणों को आश्वस्त करता हूं कि हम सब मिलकर इस प्रकार से नगर उत्थान एवं सामाजिक कार्य करते रहेंगे। स्थल पूजन का कार्यक्रम में पंडित राजेश्वर शर्मा संपन्न कराया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण रामप्यारी वर्मा, अश्वनी साहू, दीपक गुप्ता, सरोजनी चंद्राकर, बलराम पटेल, ललिता पटेल, राम दयाल पटेल, सुरेखा पटेल, भोला पटेल, मनोज पटेल, महेश पटेल, राजा पटेल, लक्ष्मी पटेल, सत्यदेव पटेल, खिलावन साहू, लेखराम साहू आदि मौजूद थे।

### सड़क की कटिंग करवा कर की जांच, नहर लाइनिंग व एनीकट निर्माण की परखी गुणवत्ता

# वनांचल क्षेत्रों में विकास कार्यों की सख्त निगरानी, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के बैगा बाहुल्य इलाकों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं निर्माण स्थलों पर पहुंचकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों तक पहुंच सके। इसी कड़ी में उन्होंने आज पंडरिया विकासखंड के ग्राम कमराखोल, रहमानकांपा और अमनिया में विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम कमराखोल में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत बन रही सड़क, रहमानकांपा में हाफ नदी पर नहर लाइनिंग कार्य तथा ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में निर्माणाधीन एनीकट कम काजवे का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मुनमुना से कमराखोल तक बन रही सड़क का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता जांच के लिए सड़क की कटिंग करवाई। इससे सड़क की मोटाई और उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती की परख की गई। उन्होंने सड़क की चौड़ाई भी मापकर जांची। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शोल्डर और फर्नीचर का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।

कलेक्टर ने ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए तथा मटेरियल की मात्रा में किसी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। इस दौरान पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, कार्यपालन अभियंता मनोज पराते, संतोष ठाकुर, दिलीप राजपूत, जनपद सीईओ अमित दुबे व अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

### कलेक्टर ने नहर लाइनिंग कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



कलेक्टर श्री वर्मा ने रहमानकांपा में ग्राम बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना, फीडर कार्य, रामतला जलाशय के शीर्ष कार्य, नहरों के री-मॉडलिंग एवं लाइनिंग तथा विस्तार कार्यों का भी जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भू-अर्जन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर किसानों को मुआवजा दिलाने और नहर कनेक्शन कार्य इसी वर्ष पूरा करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि वनांचल क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

### अमनिया में एनीकट निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने इसके बाद ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में निर्माणाधीन एनीकट कम काजवे का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि लगभग 3.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहे इस एनीकट से निस्तारी, भू-जल संवर्धन, पेयजल आपूर्ति, आवागमन सुविधा तथा सोलर संयंत्र और पाइपलाइन के माध्यम से लगभग 58 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




## मानव सेवार्थ : सीता-रसोई में वाटर कूलर प्रदान किया

- विधायक धर्मजीत सिंह की सेवा कार्य के लिए सराहनीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया में विगत 6 माह से मानव सेवार्थ मानव सेवा समिति द्वारा सीता-रसोई में 30 रुपए में जरूरतमंद लोगो को स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस पर विधायक धर्मजीत सिंह एवं श्रीमती शशि सिंह द्वारा सीता-रसोई में सेवा भावना की प्रशंसा की गई और समय समय पर समिति को सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। वहीं आज विधायक द्वारा आपने पूज्य माता-पिता स्व. कल्पनाथ सिंह, स्व. श्रीमती किशोरी देवी, बड़े भाई स्व. रणजीत सिंह की स्मृति में सीता-रसोई में लोगो को ठंडा पेयजल के लिए एक वॉटर कूलर समिति को समर्पित किया गया।

सीता-रसोई के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश जैन, चन्द्रकुमार सोनी, नवलकिशोर पांडेय, कल्याण सिंह ठाकुर, सत्येन्द्र चौहान, रोशन जैन, दिलीप जैन, संतोष साहू, सुमित तिवारी, पवन पाठक, प्रहलाद मिश्रा, शिवम गुप्ता, भास्कर देवांगन सभी ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

### खबर संक्षेप

#### कक्षा 8वीं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**कोलेगांव।** केंद्रीकृत कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा-2026 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा में कुल 40 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की छात्रा काजल चंद्रवंशी ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रीति साहू ने 92.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा दिव्य साहू ने 92.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भूपेंद्र कौशल्या ने 92 प्रतिशत, गौकरण साहू ने 92 प्रतिशत, मंजूलिका ने 92 प्रतिशत, प्राची ने 91 प्रतिशत, नमन ध्रुव ने 90.70 प्रतिशत, टिकेश्वरी ने 89.50 प्रतिशत, राधिका साहू ने 88.30 प्रतिशत, श्रेया ने 88.50 प्रतिशत, वैभव ने 87.33 प्रतिशत, प्रियंका यादव ने 86.17 प्रतिशत, ममता ने 84.50 प्रतिशत, भारती ने 83 प्रतिशत तथा आकांक्षा ने 82.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार और गांव का नाम रौशन किया। इस शानदार सफलता पर संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षिका सुश्री राजकुमारी तांती, श्रीमती शकुंतला यदु, उत्तम कुमार वर्मा, रामपाल चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, बली चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, नारद साहू, दिनेश कोरिया सहित समस्त पालकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## पंडरी-पथरा के बैगा डूबान के बाद बेघर, जंगल से भी बेदखली का डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम पंडरीपथरा के बैगा आदिवासी परिवार इन दिनों दोहरी समस्या से जूझ रहे हैं। एक ओर सरोधा बांध के डूबान क्षेत्र में आने से उनका पुराना गांव और आशियाना छिन गया, तो दूसरी ओर अब जहां उन्होंने अस्थायी रूप से शरण ली है, वहां से भी उन्हें बेदखल किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इससे प्रभावित परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

सरोधा बांध के निर्माण के चलते पंडरीपथरा गांव डूबान क्षेत्र में आ गया था। इसके बाद यहां के प्रभावित परिवार बांध के सामने स्थित वनक्षेत्र में जाकर बस गए। उन्होंने वहां झोपड़ियां बनाकर किसी तरह जीवन-यापन शुरू किया, लेकिन अब वन विभाग उन्हें इस जमीन से हटाने के लिए लगातार नोटिस जारी कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभावितों का कहना है कि उनके पास अब रहने के लिए कोई स्थायी स्थान नहीं बचा है। पहले ही वे अपने पुराने घरों से विस्थापित हो चुके हैं और अब नई जगह पर भी अस्थिरता बनी हुई है। ऐसे में उनके सामने जीवनयापन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिस वनक्षेत्र में वे रह रहे हैं, वह सरोधा बांध उद्यान के पास स्थित है, जहां पर्यटकों की आवाजाही भी होती है। इसी क्षेत्र में उन्होंने अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहना शुरू किया है। कुछ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति भी मिली है, लेकिन वनभूमि होने के कारण उन्हें निर्माण की अनुमति नहीं मिल पा रही है। प्रभावित परिवारों की मांग है कि उन्हें या तो उसी स्थान पर बसने की अनुमति दी जाए और वन पट्टा देकर आवास निर्माण की सुविधा दी जाए या फिर उन्हें किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर जमीन और पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

### कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार

इस समस्या का अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। इससे नाराज होकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है और जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। इस मुद्दे पर स्थानीय राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रभावित परिवारों के समर्थन में सामने आए हैं और उनकी आवाज बुलंद करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी नियमों और प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन इस गंभीर मानवीय समस्या का क्या समाधान निकालता है और क्या इन बैगा आदिवासी परिवारों को स्थायी रूप से बसाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

#### छात्र युवराज साहू कक्षा 5वीं व छात्रा खुशबू साहू ने 8वीं में किया टॉप

**कवर्धा।** शहर के रानी दुर्गावती चौक में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा के कक्षा 5वीं में अध्यनरत छात्र युवराज साहू ने पूर्णांक 200 में 198 अंक अर्जित कर 99 प्रतिशत के साथ जिले के टॉप लिस्ट में अपना नाम अंकित किया। वहीं कक्षा 8वीं की छात्रा खुशबू साहू ने पूर्णांक 600 में से 584 अंक के 97.33 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर कवर्धा शहर, स्कूल एवं अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रौशन किया। जिस पर स्कूल के जन भागीदारी के अध्यक्ष राजा पियूष टाटिया एवं अन्य सभी पदाधिकारी गण, प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व मित्रगणों ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कुण्डा-दामापुर क्षेत्र की पानी टंकियां बनी शोपीस, जल जीवन मिशन फेल

### भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव, कुण्डा और दामापुर क्षेत्र के कई गांवों में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई पानी टंकियां आज भी ग्रामीणों के लिए केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जब लोगों को सबसे अधिक पानी की जरूरत है, तब इन गांवों के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझने को मजबूर हैं। ग्राम बसनी, धनेली, भटरूसे, कंझेटी, पथरी, पीपरमाटी, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी सहित कुण्डा-दामापुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में नल-जल योजना के तहत पानी टंकियों का निर्माण कराया गया था। उद्देश्य यह था कि ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना न पड़े।

लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। अधिकांश गांवों में पानी टंकियां तो बनकर तैयार हैं, लेकिन उनमें से कई अब तक चालू नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घरों के सामने नल कनेक्शन और टोटियां भी लगा दी गई हैं, जिससे उम्मीद जगी थी कि अब घर बैठे स्वच्छ पानी मिलेगा। लेकिन पानी टंकियां बंद पड़ी होने के कारण नलों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है। नतीजतन, ग्रामीणों को आज भी हैंडपंप, कुओं और खेत-खलिहानों के बोर पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

कई जगहों पर महिलाएं और बच्चे सुबह-शाम पानी के लिए भटकते नजर आते हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी भी है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना है कि जब गांवों में पानी टंकी और पाइपलाइन की व्यवस्था मौजूद है, तो फिर गर्मी के मौसम में पेयजल संकट झेलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### शासन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ से वंचित

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित बंद पड़ी पानी टंकियों की तत्काल जांच कराई जाए और जहां तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से कार्य बंद है, उसे शीघ्र शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि गर्मी के इस कठिन समय में यदि पानी टंकियां चालू हो जाएं तो हजारों ग्रामीणों को राहत मिल सकती है और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ गांव-गांव तक पहुंच सकेगा।

#### ट्राइसिकल पाकर उत्साहित हुए केदारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सुशासन तिहार से कवर्धा निवासी केदारी साहू के जीवन में फिर से मुस्कान लौट आई है। दिव्यांग श्री साहू को सिर्फ मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ही नहीं, फिर से काम शुरू करने का भी हौसला मिला है। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में आसानी होगी और वे अपना पुराना काम दोबारा शुरू कर सकेंगे। इससे उनकी आय के साधन फिर से मजबूत होगा और परिवार की स्थिति में भी सुधार आएगा। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशील पहल लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव




विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं, 8वीं और 5वीं के छात्र छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। बताया जाता है कि कक्षा 10वीं में कुल 10 विद्यार्थियों में से 6 प्रथम श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 छात्र पूरक तथा 1 छात्र असफल रहा।

जिसमें ज्योति यदु ने 72.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ओंकारेश्वरी यदु 70.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा संतोषी चंद्राकर 65.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 8वीं के परिणाम भी बेहद शानदार रहे, कुल 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हिमांशु साहू ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा साहू 95.67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा संजय साहू 95.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ कक्षा 5वीं में कुल 48 विद्यार्थियों में से 45 प्रथम श्रेणी तथा 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 1 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण असफल घोषित हुआ। इस कक्षा में लुशिका साहू ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हितेश साहू 92.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा टीकेश्वरी साहू 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करने का आर्शीवाद दिया।

### कक्षा 10वीं व 12वीं में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

## बोर्ड परीक्षा में पाण्डातराई स्कूल का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

विगत दिवस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डातराई के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जहां कक्षा 10वीं में 131 विद्यार्थियों परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 58 से अधिक छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया वहीं 45 से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण हुए।

वहीं कक्षा 12वीं में 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 55 से अधिक विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान बनपाए तथा 30 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया।

इस प्रकार पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। जहां कक्षा 10वीं में 5 छात्राओं ने जिले के टाप टेन में शामिल रहे, जिसमें छात्रा मान्या सोनी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तृतीय स्थान, छात्रा दीक्षा मिश्रा ने 95.16 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पांचवें स्थान, छात्र पृथ्वीराज सिंह ने 95 प्रतिशत अंक के साथ जिले में छठवे स्थान, छात्रा निधि वर्मा 94.83 प्रतिशत अंक के साथ जिले में सातवे स्थान व गोपेश जायसवाल 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवें स्थान प्राप्त किया।वहीं कक्षा 12वीं में छात्रा सुनैना पटेल 93.60 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरे स्थान पर रही। इस प्रकार कक्षा 10वीं में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया साथ ही साथ गणित व हिंदी विषयों में 7 से अधिक विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इस तरह कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

### प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता ने बताया कि प्रावीण्य सूची में रहने वाले छात्र छात्राओं को सरस्वती शिशु मंदिर परिवार की ओर से एक लाख रूपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता, अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, नरोत्तम दास गुप्ता, रघुनंदन गुप्ता, सुभाष गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, सुचिता गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक चन्द्रवंशी, प्रधानाचार्य लवकेश गुप्ता, ओंकार चन्द्रवंशी तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कर्मियों के अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

**दुर्ग।** कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने सुशासन तिहार-2026 को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। ज्ञात हो कि 1 मई से सुशासन तिहार का आगाज हो गया है। जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन 10 जून तक निरंतर जारी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 10 जून तक की अवधि के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे और न ही किसी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान करेंगे।

### मजदूर दिवस पर किया सम्मान

**पाटन।** नगर कांग्रेस कमेटी, पाटन द्वारा 1 मई विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों के सम्मान में "बोरे-बासी दिवस" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमिकों के सम्मान में बोरे-बासी का सेवन किया और श्रम के महत्व को रेखांकित किया।
इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रमिकों के योगदान को देश और समाज की नींव बताते हुए उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम चंडी मंदिर, कांग्रेस भवन के पास, पाटन में आयोजित किया गया, जो उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### शराब का परिवहन करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से शराब का परिवहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि युवक का नाम कैम्प 1 जलेबी चौक निवासी निहाल सिंग राणा है। मुखबिक की सूचना पर उमदा रोड पुलिया के पास अवैध शराब का परिवहन कर रहा था। उसके पास से 30 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल कुल 5400 एमएल शराब बरामद हुआ है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब का कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डिपरापारा दुर्गा मंच दुर्ग के पास से पकड़ा गया। व्यक्ति का नाम अशोक राजपूत है। उसके पास से पुलिस ने 39 पौवा देशी शराब कुल 7.020 बल्क लीटर कीमती 3900 रुपये का जब्त किया गया। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### गांजा बेचकर बनाई गई 8 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार कर संपत्ति अर्जित करने वाले ग्राम राजपुर धमधा दुर्ग निवासी मनोज साहू पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया कि मनोज साहू ने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार से आय से ग्राम धमधा, राजपुर, परपोडी क्षेत्र में कुल 16.68 एकड़ कृषि भूमि अनुमानित कीमत 8 करोड़ अर्जित की गई है। उक्त संपत्ति को सेफ्मा की धारा के तहत प्राधिकारी, प्रशासक एमनडीपीएस राजस्व विभाग भारत सरकार मुंबई ने फ्रीज की कार्रवाई किया है। गौरतलब हो कि पुलिस की यह पहली कार्रवाई नहीं है इसके पूर्व भी महिला गांजा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर संपत्ति को फ्रीज किया गया था।

### हेरोइन का कारोबार करने वाली युवती समेत पांच को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हेरोइन का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिव मंदिर सेक्टर-3 में घेराबंदी युवती समेत पांच को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर अपना नाम न्यू खुर्सीपार निवासी हरजिंदर सिंह, हाउसिंग बोर्ड जामुल मोन्टी अरोरा, राजनांदगांव सूरज कुमार लोहार, सेक्टर-4 भिलाई नवजोत सिंह,केम्प-1 ईशा कौर बताया है। पुलिस ने इनके पास से हेरोइन (चिट्टा) (हेरोइन) 21.18 किलोग्राम नगदी 65 हजार, मोबाइल पोन समेत एल्युमिनियम फॉइल, 10,20 रुपये के जले नोट, लाईटर जब्त किया गया है। सामानों की कीमत 3.84 लाख 400 रुपए आंकी गई है।

---

#### बेरला-रायपुर मार्ग पर सजा मौसमी फलों का बाजार

# भीषण गर्मी में राहत का ठिकाना बना लोर नदी का किनारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच बेरला-रायपुर मार्ग पर लोर नदी के किनारे एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। ग्राम पिरदा और नेवनारा के बीच सड़क किनारे पेड़ों की छांव में स्थानीय बाड़ी संचालकों द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी मौसमी फलों का बाजार सजाया गया है, जो राहगीरों के लिए गर्मी में राहत का ठिकाना बन गया है। तपती धूप में सफर कर रहे लोगों के लिए ये फल बाजार किसी वरदान से कम नहीं है। सुबह से ही यहां राहगीरों की भीड़ देखी जा रही है, जो सफर के दौरान रुककर ताजे और रसीले फलों का आनंद ले रहे हैं। खास बात यह है कि यहां बिकने वाले अधिकांश फल सीधे आस पास की बाड़ियों और खेतों से लाए जाते हैं, जिससे उनकी ताजगी और गुणवत्ता बनी रहती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी में तली-भुनी चीजों से परहेज कर रसीले और मौसमी फलों का सेवन करना बेहद फायदेमंद होता है। ये फल शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति भी करते हैं और डिहाइड्रेशन से बचाते हैं।

■ पेड़ों की छांव में सजे अस्थायी स्टॉल, राहगीरों को मिल रही ताजगी और स्थानीयों को रोजगार का सहारा

#### तरबूज-खरबूजा की सबसे ज्यादा मांग

*गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडक और पानी की कमी को दूर करने के लिए तरबूज और खरबूजा सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। इसके अलावा आम, संतरा, ककड़ी और नारियल पानी भी लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। केला, अंगूर, पपीता और सेब जैसे फल भी अच्छी मात्रा में बिक रहे हैं।*

#### राहगीरों को राहत, स्थानीयों को रोजगार

*इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों का कहना है कि लोर नदी के पास मिलने वाले ये ताजे फल उनकी थकान को दूर कर देते हैं। वहीं, सड़क किनारे सजी इन दुकानों ने स्थानीय बाड़ी संचालकों के लिए भी रोजगार का अच्छा अवसर उपलब्ध कराया है।*

#### विक्रेता की जुबानी

*नंदू छत्तीसगढ़िया फल भंडार के विक्रेता ने बताया कि ज्यादातर फल आसपास के गांवों की बाड़ियों से लाकर यहां बेचे जा रहे हैं। गर्मी के दिनों में ताजे फलों की मांग काफी बढ़ जाती है और राहगीर रुककर खरीदारी कर रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में लोर नदी किनारे सजा यह मौसमी फल बाजार न केवल लोगों को राहत दे रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।*

---

## भीषण गर्मी में सुशासन तिहार आयोजन पर उठे सवाल, लंबित हो रहे शासकीय कार्यों पर कांग्रेस का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार द्वारा आयोजित "सुशासन तिहार" को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस आयोजन को पूरी तरह दिखावे और प्रचार का माध्यम बताते हुए कहा कि इसका वास्तविक सुशासन से कोई लेना-देना नहीं है। छाबड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच, विशेषकर दोपहर के समय इस तरह के आयोजन से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज़ से आने वाले ग्रामीण और शहरी लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक कष्ट झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन के कारण प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी अपने मूल कार्यों से हटकर कार्यक्रमों में व्यस्त हो रहे हैं, जिससे शासकीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई विभागों में अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण प्रमाण पत्र, राजस्व प्रकरण, पेंशन, राशन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े जरूरी कार्य लंबित हो रहे हैं। छाबड़ा ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित "सुशासन तिहार" के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण का आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने इसे जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान बेहद सीमित रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रशासनिक तंत्र पर अनावश्यक दबाव बन रहा है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है और उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। इससे न केवल शासन व्यवस्था कमजोर हो रही है, बल्कि जनता का भरोसा भी कम हो रहा है। अंत में छाबड़ा ने मांग की कि सुशासन तिहार जैसे आयोजनों को बंद कर जमीनी स्तर पर काम किया जाए। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई।



■ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई, आम जनता की परेशानी का किया जिक्र

---

## नवागढ़ में शिक्षा का स्वर्णिम सत्र, स्कूलों ने शानदार परिणाम से रचा इतिहास

**नवागढ़।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 नवागढ़ के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक साबित हुआ है। नगर के प्रमुख विद्यालय—न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर—ने बोर्ड से लेकर वार्षिक परीक्षाओं तक उत्कृष्ट परिणाम देकर यह सिद्ध कर दिया कि छोटे नगरों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग ने सफलता की नई मिसाल पेश की है।

**न्यू गुरुकुल का बोर्ड में परचम, 100% परिणाम:** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर सभी को प्रभावित किया। कक्षा 12वीं गणित संकाय में वैष्णवी बिसेन ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जबजीत कौर 90.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहीं। विज्ञान संकाय में मयंक साहू (90.4%) प्रथम और साक्षी साहू (90.2%) द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में श्रेया साहू ने 96.33 प्रतिशत अंक के साथ जिले में चौथा स्थान और तमन्ना साहू ने 95.83 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 8वीं में तूलिका चंद्राकर (97.50%) एवं कक्षा 5वीं में रियान कुमार पहाड़ी (96%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**विवेकानंद विद्या मंदिर में परंपरा और उत्कृष्टता का संगम:** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई, जिसमें विद्यालय प्रमुख विरेंद्र जायसवाल एवं प्रबंधक सीमा जायसवाल शामिल हुए। कक्षा 6वीं में गीतांजलि जायसवाल (97.57%), 7वीं में रोशनी रजक (96.93%), 9वीं में ईशा जायसवाल (93.80%) तथा 11वीं विज्ञान वर्ग में सौम्या साहू (96.40%) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य नरेश कुमार साहू ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

**सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा और संस्कार का संगम:** सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में आयोजित परिणाम घोषणा समारोह में शिक्षा के साथ संस्कारों की भी झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि मिथलेश बिसेन एवं अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कक्षा 3री में पुण्या अग्रवाल ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की। कक्षा 7वीं में हेमंत गुप्ता (98%), 6वीं में नव्या मानिकपुरी (98%) एवं 4थी में प्रिन्सु वर्मा (98%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों ने अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए। नवागढ़ के इन विद्यालयों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत हो, तो छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

---

## हाई स्कूल नारायणपुर का 10वीं परिणाम 86.6 प्रतिशत रहा



**बेमेतरा/नारायणपुर।** विकासखंड नवागढ़ के हाई स्कूल नारायणपुर में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 86.66 प्रतिशत रहा। जहां कुल 45 विद्यार्थियों में से 39 छात्र-छात्राएं सफल रहे, जिनमें 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 20 ने द्वितीय श्रेणी तथा 3 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। वहीं 4 विद्यार्थियों को पूरक मिला और 2 विद्यार्थी असफल रहे। वही परीक्षा परिणाम में कुमारी सुमन साहू ने 534 अंक प्राप्त कर 89 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। समीर साहू ने 486 अंक लेकर 81 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि संजना रजक ने 480 अंक अर्जित कर 80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के प्राचार्य छबिलाल साहू, व्याख्याता पुष्पा कौशिक, संध्या मरावी, संतोषी वर्मा, ग्राम सरपंच बिसाहू राम साहू तथा एसएमडीसी सदस्य मुकेश विश्वकर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही असफल एवं पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को निराश न होकर पुनः प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

---

## पीएम श्री सेजेस देवकर के छात्र आदित्य बने जिला टॉपर, 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवकर



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर देवकर स्थित प्रतिष्ठित संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिससे संस्था और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

■ शत-प्रतिशत परिणाम के साथ विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, सभी 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

इस शानदार उपलब्धि में विद्यालय के छात्र आदित्य मारकंडे ने 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर बेमेतरा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य मात्र 2 अंकों से राज्य प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक गए, फिर भी उनकी इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं धारांश निर्मलकर ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि देवराज राजपूत ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में कक्षा 10वीं की शिक्षिका कु. चंद्रप्रभा साहू सहित सभी विषय शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत का ही परिणाम है कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष संजीव साहू,सचिव अनिल कुमार डहाले, कोषाध्यक्ष योगेश साहू (व्यायाम शिक्षक) तथा सदस्य मंजू अग्रवाल, रजनी गुप्ता, याकूब बेग, राधा गुप्ता, ज्योति ठाकुर, टिकेश्वरी साहू ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में कक्षा 1वीं से 12वीं तक की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय समय में संस्था प्रमुख से संपर्क किया जा सकता है।

---

## 1.5 डिग्री गिरा पारा, शाम होते ही चली तेज हवा से मिली राहत, आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। गुरुवार की रात अचानक नम हवाएं चलने लगी और कई जगह हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। जिसकी वजह से शुक्रवार का दिन हल्का राहत देने वाली रहा। अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस था जो 42 डिग्री रहा। इस तरह तापमान में गिरावट आई और बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं प्रदेश में आने की वजह से कई जगह हल्की बारिश भी हुई है। मौसम विभाग ने दुर्ग संभाग के लिए एलो एलर्ट जारी किया है।



#### इस तरह चल रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है।एक द्रोणिका दक्षिण उड़ीसा से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 42 और 28 डिग्री सेल्सियस आसपास रहने की संभावना है ।

---

## डाइट में 4 से 8 मई तक सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी के बीआरजी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के प्रमुख शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में कक्षा सातवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित बीआरजी (ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप) का प्रशिक्षण 4 मई से प्रारंभ होकर 8 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंडों के सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी विषय के बीआरजी शामिल होंगे। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 13 से 17 अप्रैल तक विज्ञान, गणित, हिंदी और संस्कृत विषयों के लिए प्रशिक्षण निर्धारित था, जिसमें शुरुआती दो दिन का सत्र ही हो सका था। बाद में एससीईआरटी के निर्देश पर प्रशिक्षण स्थगित कर दिया गया था। अब शेष बचे विषयों के लिए पुनर्निर्धारित कार्यक्रम के तहत विज्ञान, गणित, हिंदी और संस्कृत का प्रशिक्षण 6 से 8 मई तक तीन दिवसीय होगा, जबकि सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी का प्रशिक्षण 4 से 8 मई तक पांच दिनों तक चलेगा। प्राचार्य ने बताया कि इस संबंध में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) और विकासखंड स्रोत समन्वयकों (बीआरसी) को पत्र जारी कर प्रत्येक विषय से 3-3 बीआरजी प्रशिक्षण में भेजने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य प्रभावित न हो।

प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षार्थियों के लिए दोपहर भोजन की भी व्यवस्था की गई है। प्राचार्य घृतलहरे के अनुसार, कक्षा सातवीं की नई पाठ्यपुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार की गई हैं, जो रटने की परंपरागत पद्धति से हटकर वैचारिक समझ और क्षमता-आधारित अधिगम पर केंद्रित हैं। इन पुस्तकों में शामिल गतिविधियाँ और प्रश्न विद्यार्थियों को स्वतंत्र सोच और समस्या समाधान के लिए प्रेरित करते

---

#### आध्यात्मिकता, सकारात्मकता और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित कैम्प 11 मई तक चलेगा

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में समर कैम्प का शुभारंभ, बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में शनिवार, 2 मई को समर कैम्प का भव्य शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता और अनुशासन से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। यह समर कैम्प 11 मई तक प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद रजक (अध्यक्ष, रजककार विकास बोर्ड) तथा विशिष्ट अतिथि समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी एवं डॉ. नेहा वर्मा की उपस्थिति में उद्घाटन सम्पन्न हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण में हुआ, जिसने उपस्थित सभी को ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। मुख्य अतिथि प्रहलाद रजक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों और युवाओं के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक शिक्षा का समावेश भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे समर कैम्प बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। विशिष्ट अतिथि ताराचंद माहेश्वरी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा समाज में शांति, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के प्रसार के लिए किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं। वहीं डॉ. नेहा वर्मा ने बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों को बेहद उपयोगी बताया और ध्यान एवं सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। कैम्प का संचालन सेवा केंद्र की प्रभारी बी के शशि दीदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक सोच, व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा, समय प्रबंधन, तनाव मुक्ति एवं जीवन जीने की कला से जुड़े विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही खेल, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं समूह चर्चा के जरिए प्रतिभाओं को निखारा जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से इस समर कैम्प का लाभ उठाने की अपील की।



